हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 29 नवंबर, 2025

12 समाधान शिविर में आने वाली शिकायत जल्द ही निपटाएं



11 श्लोको चारण के साथ होगा गीता जयंती का भव्य आगाज



खबर संक्षेप

## दुकान के आगे खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

**ओढां।** ठंड का मौसम शुरू होते ही चोर सक्रिय हो गए हैं। चोरों ने गांव ओढ़ा में स्थित साहू मार्किट से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर आनंद कुमार बेनीवाल ने बताया कि पुलिस को दी शिकायत में सहु मार्केट में फास्ट फूड की दुकान करने वाले राम अंचल ने बताया कि उसने दुकान किराये पर ली हुई है। गत रात्रि उसने अपना मोटरसाइकिल दुकान के बाहर खड़ा किया और वह दुकान के अंदर सोया हुआ था। सुबह उठकर जब उसने देखा तो मोटरसाइकिल गायब था। जिसके बाद उसने आसपास तलाश करते हुए थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जांच अधिकारी हेडकांस्टेबल बलजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ट्रक ने बाइक सवार होमगार्ड को कुचला

**सिरसा।** जिला के गांव बणी के समीप हुए सडक़ हादसे में होमगार्ड जवान राकेश कुमार की मौत हो गई। मृतक को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी और कुचलता चला गया, जिससे मौके पर ही उनकी जान चली गई। बताया जा रहा है कि यह घटना बीती देर रात करीब 9 बजे रानियां के करीवाला से बणी रोड पर हुई। मृतक होमगार्ड की पहचान गांव कालूआना के 35 वर्षीय राकेश कुमार के रूप में हुई है। वह करीवाला चौकी में तैनात था और ड्यूटी के बाद अपने घर लौट रहा था। राकेश की शादी 9 साल पहले गोदिका गांव में हुई थी। राकेश कुमार के परिवार में उनकी पत्नी और एक बेटा है। घटना से परिवार में शोक का माहौल है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## तेल भरवाकर बिना पैसे दिए भगा ले गए कार

**सिरसा।** जिला के गांव नुहियांवाली में स्थित एक पेट्रोल पंप से कार सवार दो लोग कार का टैंक फुल करवाकर बिना पैसे दिए कार भगा ले गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेते हुए काफी दौड़ धूप की, लेकिन कार सवार फरार होने में सफल रहे। गांव नुहियांवाली में घुकांवाली रोड पर स्थित मल्हान किसान सेवा केंद्र पर पर सायं 6 बजकर 45 मिनट पर गांव की तरफ से काले रंग की एक वरना कार आकर रुकी।

कार के शीशों पर ब्लैक जाली लगी हुई थी। कार में चालक सहित 2 लोग सवार थे। चालक ने पंप पर मौजूद सेल्समैन प्रदीप व दीपक से कार का टैंक फुल करने को कहा। कार में 2450 रुपए का तेल डाला। जिसके बाद चालक के साथ वाली सीट पर बैठे व्यक्ति ने सेल्समैन को अपनी टैब देकर क्यूआर कोड स्कैन करने को कहा।

# पुलिस के खिलाफ वैलर्स संचालक ने की मानवाधिकार आयोग में शिकायत

- एसपी फतेहाबाद से मांगी 4 हफ्ते में रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना/फतेहाबाद

भूना निवासी दुर्गा वैलर्स के संचालक नरेश सोनी द्वारा पुलिस अधिकारियों के खिलाफ भेजी गई शिकायत पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने फतेहाबाद के एसपी सिद्धांत जैन को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं और चार सप्ताह के अंदर एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) भेजने को कहा है। यह शिकायत नरेश सोनी ने 15 नवंबर को भेजी थी, जिस पर आयोग की पीठ ने 27 नवंबर को सुनवाई की।

आयोग ने माना कि मामले में मानवाधिकार उगंघन की आशंका है और जांच आवश्यक है। आयोग की पीठ की अध्यक्षता सदस्य प्रियंक कानूनगो ने की। सुनवाई के दौरान आयोग ने कहा कि शिकायत के तथ्यों को देखते हुए यह मामला मानवाधिकार हनन की श्रेणी में आता है और पीड़ति को सुरक्षा देने के साथ निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करना जरूरी है। आदेश में कहा गया है कि पुलिस यह स्पष्ट करे कि शिकायत में उठाए गए बिंदुओं पर अब तक क्या कार्रवाई हुई और आगे क्या कदम उठाए जाएंगे। वैलर्स नरेश सोनी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि पुलिस ने उसे जुआ व क्रिकेट सट्टेबाजी मामले में गलत तरीके से आरोपी बनाया था, जबकि स्टेट पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी ने जांच में उसे निर्दोष पाया। इसके बावजूद कुछ पुलिस अधिकारियों की दुर्भावनापूर्ण भावना के कारण उन्हें बार-बार परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें स्वास्थ्य और जीवन की सुरक्षा को खतरा महसूस हो रहा है और आशंका है कि भविष्य में भी उन्हें किसी फर्जी केस में फंसाया जा सकता है।




### नरेश सोनी की पुलिस के खिलाफ दो बड़ी शिकायतें

: 17 अप्रैल 2023 को सीआईए फतेहाबाद ने नरेश सोनी पर क्रिकेट सट्टा बुकी चलाने का आरोप लगाकर केस दर्ज किया था। इस मामले को झूठा बताते हुए उन्होंने स्टेट पुलिस शिकायत प्राधिकरण चंडीगढ़ में शिकायत दी। प्राधिकरण ने 25 सितंबर 2024 को सुनवाई के बाद आदेश दिया कि तत्कालीन सीआईए इंचार्ज इंस्पेक्टर कपिल सिहाग, एएसआई प्रवीण कुमार, एएसआई रामअवतार, हेड कांस्टेबल गुरपान सिंह, हेड कांस्टेबल रोहताश कुमार, ईएचसी सुभाष चंद्र, कांस्टेबल कमलदीप और कांस्टेबल सतीश के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाए। इसके अलावा प्राधिकरण ने डीएसपी भूना संजय के खिलाफ चेतावनी जारी करने के निर्देश भी दिए थे।

### दूसरा मामला

मई 2024 में नरेश सोनी ने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई कि गांव भोजराज में युवक-युवती के अंतरजातीय विवाह मामले में एससी-एसटी एक्ट को हटाने की एवज में डीएसपी संजय बिश्नोई और उनके रीडर द्वारा रिश्वत मांगी गई। शिकायत के आधार पर एसीबी ने डीएसपी के रीडर के खिलाफ केस दर्ज किया था। नरेश सोनी का कहना है कि वे अब भी पुलिस प्रताड़ना के खतरे के साए में जी रहे हैं और निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद रखते हैं। मानवाधिकार आयोग की कार्रवाई के बाद अब इस मामले पर एसपी फतेहाबाद की रिपोर्ट का इंतजार रहेगा।

## बीडीपीओ कार्यालय ओढ़ा से जनरेटर चोरी

**ओढां।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय ओढ़ा में खड़ा एक जनरेटर चोरी हो गया।

थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर आनन्द कुमार बेनीवाल ने बताया कि एक निर्माण एजेंसी के संचालक प्रहलाद कुमार की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में हिमानी को-ऑपरेटिव एएल एण्ड सी सोसाइटी लिमिटेड के संचालक प्रहलाद कुमार ने बताया कि कुछ समय पूर्व उनकी एजेंसी को पंचायती राज विभाग की ओर से बीडीपीओ कार्यालय ओढ़ा में निर्माण कार्य का टेंडर मिला था।

### हर दिन 130 वाहन चालक तोड़ रहे ट्रैफिक नियम, औसतन 16 हादसे, 9 लोगों की मौत

# 25 दिन में 3256 चालान कर 15.70 लाख का जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सडक़ सुरक्षा को लेकर पुलिस लगातार ग्राउंड पर काम कर रही है, लेकिन लगातार प्रयासों के बावजूद वाहन चालक लापरवाही कर रहे हैं। वाहन चालक जमकर यातायात नियम तोड़ रहे हैं। औसतन हर दिन 130 वाहन चालक यातायात नियम तोड़ते पकड़े जा रहे हैं, जिस कारण हादसों का ग्राफ बढ़ रहा है। औसतन 16 हादसों मे 9 लोगों की हादसों में जान जा रही है। पुलिस ने एक से 25 नवंबर तक ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के कुल 2846 वाहनों के 3256 चालान किए हैं और इन पर 15 लाख 70 हजार 4 सौ रुपए का जुर्माना लगाया। जांच के दायरे में इस बार स्कूल बस, अवैध रूप से लाल व नीली बत्ती लगाने वाले व बुलेट बाइक से पटाख छोडऩे वाले, ट्रिपल राइडिंग करने वाले रहे। क्षेत्र की सडक़ों पर लगातार सडक़ हादसे बढ़ रहे हैं। पुलिस ने सडक़ सुरक्षा को लेकर नवंबर की शुरुआत से व्यापक अभियान चलाया। स्कूलों बसों की जांच की तो कई स्कूल बसें मानकों पर खरी नहीं उतरी। ऐसी 7 बसों के चालान किए गए।


फतेहाबाद। मोडिफाइड साइलेंसरों को नष्ट करते ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी।

- कुल 2846 वाहनों के 3256 चालान किए हैं और इन पर 15 लाख 70 हजार 4 सौ रुपए का जुर्माना लगाया। जांच के दायरे में इस बार स्कूल बस, अवैध रूप से लाल व नीली बत्ती लगाने वाले व बुलेट बाइक से पटाख छोडऩे वाले

### आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

पुलिस चेकिंग अभियान का मुख्य उद्धेश्य सडक़ सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर लगाम कसना है। पुलिस आगे भी इस तरह से यातायात नियम तोडऩे वाले वाहन चालकों के चालान करेगी। इसके साथ ही लगातार लोगों को जागरूक भी किया जाएगा। ठंड के मौसम को देखते हुए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

-सिद्धांत जैन, एसपी फतेहाबाद

### नियमों का पालन करने की दी हिदायत

पुलिस प्रवक्ता विनोद कुमार ने बताया कि फतेहाबाद पुलिस लंबे समय से लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरूक कर रही है। विशेष रूप से वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वालों, बिना नंबर की बाइकों और पटाखे बजाने वाले बुलेट मोटरसाइकिलों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, और ऐसे वाहनों को जब्त भी किया जा रहा है।

**कुल चालान : 3256**

कुल जुर्माना : 15,70,400 रुपये
कुल दुर्घटनाएं : 16
हादसों में मौत : 9

**इन वाहनों के हुए चालान**

कार : 995
मोटरसाइकिल : 566
ट्रैक्टर : 113
बस : 44
मैक्सी कैब : 18
ई-रिक्शा : 11
ऑटो : 2
स्कूल बस : 7

**इस कारण हुए चालान**

- बुलेट पटाखा
- ब्लैक फिल्म
- शराब पीकर गाड़ी चलाना
- ट्रिपल राइडिंग
- लेन परिवर्तन
- विपरीत/गलत दिशा में गाड़ी चलाना
- अवैध लाल/नीली बत्ती
- मानकों पर खरी न उतरने वाली स्कूल बसें
- अन्य सडक़ नियमों का पालन न करना

**पुलिस ने आमजन से ये की अपील**

- वाहन के सभी दस्तावेज साथ रखें।
- वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें।
- नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें।
- ट्रैफिक नियमों का पालन कर अपना एवं दूसरों के जीवन को सुरक्षित करें।



सिरसा। जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतें सुनते मंत्री अनिल विज। *फोटो : हरिभूमि*

# अधिकारी लोंगो की समस्याओं का करें समाधान: अनिल विज

- जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 17 शिकायतों पर हुई सुनवाई, 11 शिकायतें रखी गई लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

प्रदेश के बिजली, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अधिकारियों का यह प्रयास रहे कि आमजन की समस्याओं का निपटान प्राथमिकता से हो, ताकि उन्हें समाधान के लिए कहीं और जाना ही ना पड़े। कैबिनेट मंत्री अनिल विज शुक्रवार को स्थानीय पंचायत भवन में जिला लोकसपंर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में आमजन की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। बैठक में 17 शिकायतों की सुनवाई की गई, जिनमें 11 शिकायतों को लंबित रखते हुए संबंधित अधिकारियों को आगामी बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट, जिला अध्यक्ष डबवाली रेणु शर्मा, चेयरमैन देव कुमार शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अमीरचंद मेहता, प्रदीप रातुसरिया, पार्षद सुमन शर्मा सहित जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सिरसा दीपक सहारण, पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टर, अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत, एसडीएम अर्पित संगल, एसडीएम पारस भागोरिया, एसडीएम मोहित कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## छत्रपति सम्मान-2025 से अलंकृत होंगे पंजाबी नाटककार डॉ. सिंह

**सिरसा।** साहित्यिक-सांस्कृतिक-सामाजिक सरोकारों को समर्पित संस्था संवाद सिरसा के तत्वावधान में 30 नवंबर को पंचायत भवन में आयोजित किए जा रहे छत्रपति स्मृति समारोह की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक संवाद सिरसा के संयोजक परमानंद शास्त्री की अध्यक्षता में हुई। संवाद सिरसा के सह संयोजक डॉ. हरविंद्र सिंह ने बताया कि बैठक में विभिन्न समिति प्रभारियों ने इस आयोजन संबंधी तैयारियों बारे कहा कि इस आयोजन संबंधी सभी तैयारियां संपन्न कर ली गई हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि छत्रपति स्मृति समारोह के दौरान प्रख्यात पंजाबी नाटककार, निर्देशक एवं लोक-रंगकर्मी डॉ. साहिब सिंह को छत्रपति सम्मान-2025 से अलंकृत किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. साहिब सिंह द्वारा सामाजिक सरोकारों से ओतप्रोत एक भावपूर्ण एवं खूबसूरत नाटक धन्न लिखारी नानका का मंचन किया जाएगा। समारोह के दौरान प्रख्यात पंजाबी चिंतक एवं प्रगतिशील लेखक संघ, पंजाब के महासचिव डॉ. कुलदीप सिंह दीप नायकों की तलाश में भटकता वर्तमान विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।




कवायद

### 20 फूलों भरा वातावरण ध्यान व शिक्षण में सहायक : संगीता

# स्कूलों के सौंदर्यीकरण को नर्सरी हो रही तैयार

- कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यालयों की शोभा बढ़ाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राम वाटिका अभियान में स्कूलों के परिसर सौंदर्यकरण, पौधों से हरा भरा, खूबसूरत, मनभावन बनाने के स्वप्न को पूरा करने के लिए अब की बार डॉ रामजी जयमल फ्लावर मैन के सहयोग व प्रेरणा से आगे बढ़ते हुए राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय जगोपुर के मुखिया सुपेंद्र सिंह के नेतृत्व व स्टाफ की देखरेख में सीजनल फ्लावर्स की नर्सरी तैयार की गई है जिसमें गेंदा, कॉसमॉस, पटूनिया आदि कई फूलों की वैरायटी शामिल हैं। जिसका मुख्य उदेश्य हमारे जिले के सभी विद्यालय के परिसरों का फूलों से सौंदर्यकरण कर ब चों को सुंदर व स्व छ वातावरण प्रदान करना है ताकि जिले के ब चों को पढाई के लिए शांत माहौल मिल सके इस मुहिम में स्टाफ द्वारा पौध वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों को पौध दी जा रही हैं। गांव के पंचायत भवन, स्कूल प्रांगण, धार्मिक स्थलों पर भी ब चों व स्टाफ द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। इसी अभियान को जारी रखते हुए विद्यालय के स्टाफ द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई को भी फूलों की पौध भेंट की गई। स्कूल के मुखिया सुपेंद्र सिंह ने इस अभियान को जारी रखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अगले साल भी पौध की संख्या बढ़ाई जाएगी व पौध वितरण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन कर विद्यालयों की शोभा बढ़ाई जाएगी व पर्यावरण संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जाएगा। अभी के लिए जिस भी विद्यालय या किसी अन्य संस्था को फूलों की पनीरी की आवश्यकता है वो किसी भी दिन विद्यालय में पहुंचकर नर्सरी से पौध प्राप्त कर सकते हैं। अतः जिस भी विद्यालय को पौध लेने आना है वो अपनी क्यारियां आदि पहले से तैयार करके उनकी फोटो, वीडियो अपने मोबाइल में खींच कर साथ लाएं ताकि अनुमानित पौधों की संख्या का सही सही आंकलन किया जा सके।


फतेहाबाद। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई को फूलों की पौध भेंट करते राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय जगोपुर में विद्यालय के स्टाफ। फोटो : हरिभूमि



# 'तेरे इश्क में' धनुष की आंखों में छिपा दर्द बना असली ताकत

**मुंबई।** फिल्म 'तेरे इश्क में' 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। 'तेरे इश्क में'एक ऐसी लव स्टोरी है, जिसमें जुनून, दर्द, प्यार और गुस्सा सब कुछ एक साथ देखने को मिलता है। फिल्म की शुरुआत एक मजबूत मोड़ से होती है, जिससे कहानी तुरंत पकड़ बना लेती है। जैसे-जैसे फ्लैशबैक खुलता है, ऑडियंस यह जानने के लिए उत्सुक हो जाती है कि आखिर शंकर और मुक्ति के रिश्ते में ऐसा क्या हुआ कि दोनों अलग हो गए। अगर आपको जुनून से भरी मोहब्बत, दिल को छू लेने वाले भाव और कच्चे किरदारों की सच्ची कहानी देखना पसंद है, तो 'तेरे इश्क में' जरूर देखी जा सकती है। फिल्म में कमियां जरूर हैं, लेकिन धनुष का अभिनय इस कहानी को देखने लायक बना देता है। वो हर दृश्य में अपनी आंखों और हावभाव से ऐसा एहसास जगाते हैं, जिसे बोलकर नहीं, महसूस करके समझा जाता है।

## लाइफ Style

# तनुश्री
## अमेरिकी बिजनेसमैन को बनाया हमसफर

बंगाली अभिनेत्री तनुश्री चक्रवर्ती ने आखिरकार अपने बॉयफ्रेंड और अमेरिकी बिजनेसमैन सुजीत बसु के साथ सात फेरे ले लिए हैं। यह शादी किसी फिल्मी सीन से कम नहीं थी। लास वेगास के खूबसूरत रेड रॉक कैन्यन में दोनों ने शादी की है। इस खास दिन की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने साझा की हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

लंबे समय से अमेरिका में छुट्टियां बिताती नजर आ रहीं तनुश्री दरअसल अपने जीवन के इस नए अध्याय की तैयारी में थीं, जिसे उन्होंने अब खूबसूरती से दुनिया के सामने साझा किया है। दोनों की मुलाकात करीब दो साल पहले कोलकाता में एक दोस्त के जरिए हुई थी। तनुश्री अपने रिश्ते को लेकर बताती हैं कि अपने वर्कआउट सेशन के तुरंत बाद अनौपचारिक लुक में उनसे मिली थीं, लेकिन बावजूद इसके वह पहली ही मुलाकात में एक जुड़ाव महसूस कर बैठी थीं। दूसरी तरफ सुजीत भी उसी पल दिल हार बैठे थे। पहले दोस्ती और फिर दूरी के चलते वर्चुअल बातचीत- इन सबके बीच उनका रिश्ता धीरे-धीरे प्रेम में बदल गया। जब तनुश्री अमेरिका छुट्टियों पर गईं, तो उनके साथ बिताए गए पलों ने रिश्ते को और मजबूत कर दिया। लंबी ड्राइव्स, लंबी बातचीत और एक-दूसरे की मौजूदगी ने दोनों को यह एहसास करा दिया कि वह अपना जीवन साथ बिताना चाहते हैं। सुजीत ने शादी की सारी तैयारिया खुद संभालीं ताकि तनुश्री के लिए यह दिन हमेशा यादगार रहे। मेकअप आर्टिस्ट से लेकर वायलिनिस्ट तक- हर छोटी-बड़ी चीज को उन्होंने उसी सलीके से चुना, जैसा तनुश्री को पसंद है। दुल्हन का लहंगा भी सुजीत ने ही चुना था, जिसे देखकर तनुश्री भावुक हो उठीं। इतना ही नहीं, उन्होंने दोनों परिवारों के लिए शादी की लाइव स्क्रीनिंग भी करवाई ताकि दूर रहकर भी सभी इस पल का आशीर्वाद दे सकें।



## हॉलीवुड मसाला




# एशियाई एक्टर्स के लिए हॉलीवुड के दरवाजे खोले

**लॉस एंजिल्स।** मार्शल आर्ट का जिक्र आते ही हमारे दिमाग में सबसे पहला नाम ब्रूस ली का ही आता है। महज 32 साल की उम्र में ली ने मार्शल आर्ट में ऐसी महारथ और पॉप्युलैरिटी हासिल की जिसकी बराबरी आज तक कोई नहीं कर सका। 1960 के दशक में ली ने 'काटो' की भूमिका से हॉलीवुड में पहचान बनाई। लेकिन, हांगकांग में बनी 'द बिग बॉस' (1971), 'फिस्ट ऑफ फ्यूरी' (1972), 'वे ऑफ द ड्रैगन' (1972) और 'एंटर द ड्रैगन' (1973) ने पूरी दुनिया में उन्हें फेमस बना दिया। इन फिल्मों से उन्होंने अपनी मार्शल आर्ट कला को पूरी दुनिया के सामने पेश किया। ली ने बतौर एक्टर अपनी सफलता से एशियाई एक्टर्स के लिए हॉलीवुड के दरवाजे खोले। जैकी चैन, जेट ली, टोनी जा जैसे एक्टर्स ली को अपनी प्रेरणा मानते हैं। किसी भी व्यक्ति के लिए इतनी कम उम्र में जीवन के किसी भी एक क्षेत्र में इतनी ऊंचाई हासिल कर पाना बेहद कठिन होता है।



# डेविड हार्बर ने मिली बॉबी के साथ की बदसलूकी

लॉस एंजिल्स। 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स' के नए सीजन की रिलीज से ठीक पहले अभिनेत्री मिली बॉबी ब्राउन और उनके को-स्टार डेविड हार्बर को लेकर एक विवाद ने अचानक सुर्खियां बटोर ली थीं। सोशल मीडिया और विदेशी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि मिली ने हार्बर पर सेट पर बदसलूकी और दबाव बनाने जैसे आरोप लगाए थे। हालांकि, सीरीज की प्रीमियर नाइट पर दोनों को साथ देखा गया, मुस्कुराते हुए फोटो देते हुए। वहीं, अब मिली बॉबी ब्राउन ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है और इस रिश्ते पर खुलकर बात की है। मिली ने विवाद पर बेहद साफ शब्दों में कहा कि उनका रिश्ता हमेशा से मजबूत रहा है। मिली के अनुसार, 'हम पिछले दस साल से यही कर रहे हैं। हम इस शो को दिल से प्यार करते हैं और अपनी दोस्ती को सबसे ऊपर रखते हैं।' उनकी बातों से साफ था कि पर्दे के पीछे कैसी भी चर्चाएं हों, लेकिन उनके और हार्बर के बीच दोस्ती की डोर कमजोर नहीं हुई। दूसरी ओर, शो के निर्माता डफर ब्रदर्स ने प्रीमियर के दौरान आरोपों पर कमेंट करने से इनकार किया, लेकिन साफ कहा कि सेट पर सुरक्षा और सम्मान उनका पहला सिद्धांत है। शो के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर शॉन लेवी ने भी कहा कि पूरी टीम एक परिवार की तरह है और वो माहौल को हमेशा सुरक्षित रखने की कोशिश करते हैं।



# कूल लुक में कार्तिक हॉट दिखीं अनन्या

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है, जो कार्तिक और अनन्या के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का टाइटल ट्रैक शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है।' जो कार्तिक के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक के फैंस उनके इस गाने पर लाल और फायर इमोजी शेयर कर रहे हैं। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइल ट्रैक का वीडियो शेयर किया। इस गाने में कार्तिक समंदर किनारे बीच पर बेहद कूल लुक में हसीनाओं के बीच नजर आ रहे हैं। तो वहीं इस गाने में अनन्या भी बेहद हॉट लुक में नजर आ रही हैं।



# इश्क के पूरे हुए 28 साल साझा की अनदेखी तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकार अजय देवगन और काजोल की फिल्म 'इश्क' 28 नवंबर 1997 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को 28 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर अजय देवगन ने काजोल के साथ पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं और एक बेहतरीन कैप्शन लिखा है। फैंस को यह पसंद आ रहा है। अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर अपनी जिंदगी के सबसे अच्छे पलों की तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में वह काजोल को गले लगा रहे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'इश्क हुआ'। दूसरी तस्वीर में वह काजोल के साथ दूल्हा-दुल्हन की तरह बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'कैसे हुआ'। तीसरी तस्वीर में वह काजोल और अपने दो बच्चों के साथ बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'अच्छा हुआ।' इसके साथ पोस्ट में उन्होंने लिखा 'जैसे हुआ अच्छा ही हुआ है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 से बाहर होंगी अशनूर? तान्या के साथ हिंसक होने पर भड़कीं काम्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 अपने आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ रहा है और जैसे-जैसे ग्रैंड फिनाले करीब आ रहा है, घर के अंदर विवाद, मतभेद और टकराव भी तेज होते जा रहे हैं। इसी बीच शो की पूर्व कंटेस्टेंट और टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री काम्या पंजाबी ने इस हफ्ते के घटनाक्रम पर खुलकर अपनी राय रखी है। अशनूर कौर और तान्या मित्तल के बीच हुए विवाद को लेकर जहां उन्होंने सख्त प्रतिक्रिया दी, वहीं गौरव खन्ना को शो का पहला फाइनलिस्ट बनने पर बधाई भी दी। फिनाले से पहले हुए 'टिकट टू फिनाले' टास्क में सभी चार दावेदारों- अशनूर कौर, प्रनीत मोरे, फरहाना भट्ट और गौरव खन्ना के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लेकिन इस टास्क के दौरान एक ऐसा वाकया सामने आया जिसने दर्शकों और एक्स-कंटेस्टेंट्स दोनों को हैरान कर दिया। टास्क के बीच अशनूर कौर ने तान्या मित्तल पर शारीरिक प्रहार कर दिया, जिसे लेकर कई दर्शक सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अब हर कोई अशनूर की इस हरकत पर अपनी राय दे रहा है। कई सेलेब्स की ओर से भी इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर की गई है। इन्हीं में शामिल हैं काम्या पंजाबी भी। उन्होंने लिखा कि पूरी सीजन में संयम और गरिमा के साथ खेलने वाली अशनूर से इस तरह की हरकत की उम्मीद नहीं थी। काम्या का कहना है कि खेल की इस स्टेज पर ऐसी गलती बिल्कुल भी आवश्यक नहीं थी।

## भाविन -दिशा ने लिए सात फेरे

**नई दिल्ली।** सिंगर,एक्टर और म्यूजिशियन भाविन भानुशाली ने दिशा चंद्रेजा के सात सात फेरे ले लिए हैं। भाविन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शादी की शानदार तस्वीरों को शेयर किया है। भाविन और दिशा को सेलेब्स शादी की



शुभकानाएं दे रहे हैं। एक्टर और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी भाविन भानुशाली और दिशा चंद्रेजा की शादी 27 नवंबर को होमटाउन, महाराष्ट्र में हुई। शादी की खास तस्वीरें आज भाविन ने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। भाविन और दिशा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। भाविन ने आज इंस्टाग्राम पर कुछ ही देर पहले अपनी शादी की तस्वीरों को शेयर किया। इन शानदार तस्वीरों में दिशा लाला लहंगे में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। वहीं भाविन व्हाइट स्टाइलिश शेरवानी में काफी हैंडसम लग रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ भाविन ने कैप्शन में लिखा, 'तू मारी ने हूं तारो थाई गयो- 27.11.25।' कई सेलेब्स ने भाविन भानुशाली और दिशा चंद्रेजा को शादी की बधाई दी है। विशाल जेठवा ने लिखा, 'भाविन्न भाई, नमन प्रणाम अभिनन्दन', रश्मि देसाई ने लिखा, 'बधाई हो तमने बन्नेव ने', अविका गौर ने लिखा, 'बधाई हो, नील नितिन मुकेश ने लिखा, 'आपको बधाई हो मेरे प्रिय', हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो दोस्तों... भगवान आपका भला करे।'

# 45 करोड़ बजट में 500 टिकट भी नहीं बेच पाई थी ये फिल्म

## अधूरी कहानी के साथ हुई रिलीज, कहलाई बॉलीवुड की बिगेस्ट फ्लॉप

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हर साल दर्जनों फिल्में बनती हैं। इनमें से कई फिल्मों पर बहुत पैसा खर्च किया जाता है और मेकर्स को उम्मीद होती है कि ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएंगी। लेकिन, कई बार ऐसा होता नहीं है। कई बड़ी और स्टार स्टडेड फिल्में भी रिलीज के बाद बुरी तरह फेल हो जाती हैं। आज हम आपको एक ऐसी ही फिल्म के बारे में बता रहे हैं, जिसके बजट, कहानी और कास्ट पर प्रोड्यूसर ने पूरा भरोसा किया था। फिर भी ये फिल्म रिलीज होते ही बुरी तरह पिट गई और लोगों को पता भी नहीं चला कि ये कब आई और कब थिएटर से उतर गई।



### जोरदार उम्मीदें, जीरो कमाई

जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, वो है द लेडी किलर, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में इश्कजादे फेम अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर नजर आए थे। करीब 45 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म से मेकर्स को बड़ी उम्मीदें थीं। लेकिन, हैरानी की बात ये है कि फिल्म 1 लाख रुपए की कमाई भी नहीं कर पाई। फिल्म का न प्रमोशन हुआ और न ही किसी तरह का ऐड नजर आया। मेकर्स ने बिना तैयारी के फिल्म को थिएटर में उतार दिया। नतीजा ये हुआ कि दर्शकों को पता ही नहीं चला कि फिल्म रिलीज भी हो गई है।

### बिना क्लाइमैक्स की रिलीज

*फिल्म फ्लॉप होने के बाद इसके डायरेक्टर ने बताया कि द किलर लेडी को अधूरी हालत में रिलीज कर दिया गया था। फिल्म की स्क्रिप्ट 117 पेज की थी। लेकिन, शूटिंग सिर्फ 87 पेज तक ही हुई थी। यानी फिल्म में क्लाइमैक्स तक पूरा शूट नहीं हुआ था। पहले इसे ओटीटी पर रिलीज करने की प्लानिंग थी। लेकिन, तारीखें बार बार आगे बढ़ने पर इसे जल्दबाजी में थिएटर में रिलीज कर दिया गया। हालत ये रही कि अर्जुन कपूर की इस फिल्म की सिर्फ 500 टिकटें ही बिक पाईं। इसी वजह से इसे अब तक की सबसे खराब ओपनिंग वाली बॉलीवुड फिल्म माना गया।*

# दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का टीजर जारी अलग अंदाज में दिखे संजय और महिमा

**मुंबई।** संजय मिश्रा और महिमा चौधरी की अपकमिंग फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म को लेकर पहले से काफी चर्चा थी। ऐसा इसलिए क्योंकि संजय मिश्रा की दूसरी शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। टीजर में संजय मिश्रा हल्के-फुल्के अंदाज में कॉमेडी करते हुए नजर आए हैं। वहीं, महिमा चौधरी ग्लैमरस लुक में नजर आई हैं।टीजर में सबसे पहले संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह भगवान हनुमान से प्रार्थना करते हैं कि अगर उनकी कुंडली में दूसरी शादी लिखी है, तो कोई सुंदर, सुशील और कलावती महिला से शादी हो। वह हनुमान से कहते हैं कि प्रभु थोड़ा ध्यान रखना वर्ना ये लोग मुझे कहीं भी फंसा देंगे। इसके बाद वह महिमा चौधरी से टकरा जाते हैं। अगले सीन में संजय मिश्रा का बेटा उनके पास आता है और कहता है कि मां मिल गई। इस पर संजय मिश्रा इतराते




हैं। मेकर्स ने इस टीजर को सोशल मीडिया पर रिलीज किया है। इसके साथ इसकी रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है। बताया जाता है कि यह फिल्म 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' में संजय मिश्रा और महिमा चौधरी के अलावा व्योम यादव, पलक लालवानी, प्रवीण सिंह सिसोदिया और श्रीकांत वर्मा ने अभिनय किया है। इसका निर्देशन सिद्धांत राज सिंह ने किया है। इसके निर्माता एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन हैं।

## आज के दौर में भी जनरेनशन-जेड का बना हुआ है फेवरेट

# धर्मेंद्र पर फिल्माया गया था रफी का बेस्ट एवर रोमांटिक सॉन्ग

वेटरन एक्टर धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। लेकिन, उनकी मूवीज और गानों के बारे में जिक्र हमेशा किया जाएगा। इस आधार पर आज हम आपको अभिनेता के एक ऐसे शानदार रोमांटिक सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे गायक मोहम्मद रफी ने गाया था। गायक मोहम्मद रफी और अभिनेता धर्मेंद्र की जोड़ी काफी जमती थी।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सिनेमा जगत में एक दौर ऐसा भी रहा था, जब रफी साहब सही मायनों में धर्मेंद्र की आवाज बन गए थे। एक्टर के ज्यादातर कल्ट गीतों को सुरों के सरताज मोहम्मद रफी ने अपनी रूहानी आवाज दी थी। इस आधार पर आज आपको इन दोनों की जुगलबंदी वाले एक ऐसे गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आज के दौर में जनरेनशन-जेड का फेवरेट बना हुआ है। रोमांटिक सॉन्ग के मामले में सिंगर मोहम्मद रफी के इस गाने का कोई मुकाबला नहीं है। आलम ये है कि रिलीज के 55 साल बाद भी ये अमर है।



### 55 साल बाद भी हिट ये गीत

पुराने दौर के आइकॉनिक रोमांटिक सॉन्ग के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें अभिनेता धर्मेंद्र के कई सारे गीत शामिल होंगे, जिनमें से एक गीत साल 1970 में आई फिल्म जीवन मृत्यु का भी रहा। धर्मेंद्र और राखी गुलजार स्टारर इस मूवी के उस गीत को गायक मोहम्मद रफी ने अपनी मधुर आवाज में गाया था। गाने के बोल सुनकर आज भी आपके दिल को सुकून पहुंचेगा। गौर किया जाए उस गीत की तरफ तो उसका नाम- झिलमिल सितारों का आंगन होगाहै। धर्मेंद्र के इस कल्ट सॉन्ग को रफी साहब और लता मंगेशकर ने मिलकर गाया था, जबकि इसके संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी थी। जीवन मृत्यु मूवी के इस गाने के गीतकार कोई और नहीं, बल्कि दिग्गज लेखक आनंद बख्शी थे, उनकी कलम से जी झिलमिल सितारों का आंगन होगा के ये खूबसूरत बोल निकले थे। इस गाने को आज भी बॉलीवुड से सबसे बेहतरीन रोमांटिक सॉन्ग में से एक माना जाता है।

### यादगार गीत

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र का देहांत हो गया। अब एक्टर की यादें उनकी मूवीज और शानदार गीतों के जरिए ताजा रहेंगी। झिलमिल सितारों का आंगन होगा धर्मेंद्र के यादगार गीतों में शुमार है, जिसे सुनने के बाद आपको हिंदी सिनेमा के ही-मैन की याद जरूर आ जाएगी।*

**खबर संक्षेप**

### डिफेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पदयात्रा

**टोहाना।** भूना रोड स्थित डिफेंस पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में युनिवर्सिटी के आदेशानुसार लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को पूरा महीना सेलिब्रेट किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा पद यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य मुनेन्द्रा कुमार ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार थे। उनकी जयंती राष्ट्रीय एकता के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के लिए काम किया। इस अवसर पर संस्थान चेयरपर्सन डॉ. श्रेया सिंह ने सबको बधाई दी।

### हत्या के प्रयास का अपराधी राजू गिरफ्तार

**टोहाना।** ऑपरेशन ट्रेकडाउन के तहत थाना सदर टोहाना पुलिस ने हत्या के प्रयास में शामिल कुख्यात आरोपी राजकुमार उर्फ राजू पुत्र गजे सिंह, निवासी वलियाला को गिरफ्तार किया। थाना सदर टोहाना के प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 6 अक्टूबर को धारा 115(2), 351(2), 329(4), 3(5), 109 बीएनएस, थाना सदर टोहाना में दर्ज है। पुलिस टीम ने तेज़ और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर-दबोचा। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने इस कार्रवाई को अपराध पर सख्ती का उदाहरण बताते हुए कहा कि ऑपरेशन ट्रेकडाउन के तहत हमारी पुलिस टीम अपराधियों पर लगातार नजर रखे हुए है।

### भाखड़ा की मरम्मत से किसानों की बढ़ी परेशानी

**सिरसा।** जिले के विभिन्न गांवों के अनेक किसान शुक्रवार को इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा से मिले और उन्हें भाखड़ा में रिपेयर संबंधी कार्य चलने से हो रही दिक्कतों से अवगत करवाया। जिले के किसानों की समस्याओं को सुनकर उन्हें जायज बताते हुए इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने कहा कि चांदपुरा से टोहाना तक भाखड़ा की रिपेयरिंग का कार्य पहले संबद्ध ठेकेदार द्वारा पहले 28 नवंबर तक पूरा किए जाने का आश्वासन दिया था मगर बाद में इसे आगामी 2 दिसंबर व अब आगामी 11 दिसंबर तक पूरा किए जाने की बात कही जा रही है जिससे भाखड़ा से संबद्ध सभी नहरों में पानी की बंदी है। ऐसे में किसानों की गेहूं की फसल की बिजाई व सिंचाई के साथ-साथ पेयजल की भी किल्लत गंभीर हो गई है।

## आज से एक दिसंबर तक चलेगा पंचायत भवन में कार्यक्रम

# श्लोको चारण के साथ होगा गीता जयंती का भव्य आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ तीनों दिन अलग-अलग समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी गीता संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिए 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक सुबह 10 बजे से स्थानीय पंचायत भवन में जिला स्तरीय गीता महोत्सव का आ यो ज न किया जा रहा है। हवन यज्ञ एवं गीता पूजन से इस महोत्सव की विधिवत शुरुआत होगी। इसको लेकर तैयारियों जोरों पर चल रही हैं। सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को लेकर संजीदगी से काम कर रहे हैं। तीनों दिन अलग-अलग समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों होंगे। उपायुक्त ने बताया कि जिला स्तरीय महोत्सव के प्रथम दिन 29 नवंबर को सुबह 9 बजे कार्यक्रम की शुरूआत हवन यज्ञ एवं गीता पूजन के साथ होगी। कार्यक्रम में फतेहाबाद के पूर्व विधायक चौधरी दुड़ाराम मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। मुख्यातिथि द्वारा इसी दिन सुबह 10 बजे विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया जाएगा। इस दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अगले दिन यानी 30 नवंबर को सुबह 10 बजे गीता सेमिनार एवं मैजिक शो का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसी तरह एक दिसंबर को शहर फतेहाबाद में नगर शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसका शुभारंभ सिरसा लोकसभा क्षेत्र की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल करेंगी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा विशिष्ट अतिथि होंगे। इसी दिन श्लोको चारण भी किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में ब चे एक साथ गीता के श्लोकों का उ चारण करेंगे।



**फतेहाबाद।** गीता महोत्सव की तैयारियों को लेकर पंचायत भवन का दौरा कर तैयारियों का जायजा लेते हुए एडीसी अनुराग ढालिया। फोटो : हरिभूमि

**भारत का आध्यात्मिक ग्रंथ गीता**

उपायुक्त ने कहा कि श्रीमद भगवद गीता न केवल भारत का आध्यात्मिक ग्रंथ है, बल्कि यह जीवन के हर पहलू के लिए गहन मार्गदर्शन प्रदान करता है। गीता का सार हम सबके लिए बड़ा महत्वपूर्ण है। गीता हमें जीने का ढंग सिखाती है।

### एक ही स्थान पर सभी योजनाओं की मिलेगी जानकारी

सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के उपनिदेशक अमित पंवार ने बताया कि महोत्सव के दौरान 29 नवंबर से लेकर 1 दिसंबर तक विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएंगी, जिसमें एक ही स्थान पर सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी। यहीं नहीं आयोजन स्थल पर विभिन्न स्वयं सहायता समूह भी अपने उत्पादों के साथ मौजूद रहेंगे, जहां पर बेहतरीन उत्पाद मिलेंगे।

**धरती पर धर्म और सत्य की नींव रखने वालों को किया नमन**

# दिव्य जाग्रति संस्थान ने मनाया श्री गुरु तेगबहादुर का शहीदी दिवस

■ श्री गुरु तेगबहादुर के शहीदी दिवस को समर्पित सत्संग कार्यक्रम का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा सुलतानपुरिया में शुक्रवार को सिखों के नौवें गुरु, श्री गुरु तेगबहादुर के शहीदी दिवस को समर्पित सत्संग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र गुरबानी से हुई।

इस दौरान स्वामी विज्ञानानंद ने कहा कि शहादत की महान परंपरा पंजाब के इतिहास की शान है। पंजाब की धरती अनगिनत कुर्बानियों और शहादतों की गवाह रही है। इस धरती पर धर्म और सत्य की नींव रखने के लिए महापुरुषों को जंजीरों में जकड़ा गया। पीड़ित दबे-कुचले लोगों के आंसू पोंछने के लिए उन्हें चीरा गया, रामबियों से उनकी खोपडियां काटी गई। पंजाब का इतिहास ऐसी अनगिनत गाथाओं को अपने सीने में समेटे हुए है।



**सिरसा।** सत्संग का श्रवण करते महिला श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

**गुरु तेगबहादुर सत्य और न्याय के प्रतीक**

प्रवचनों के दौरान स्वामी जी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी वह महान शक्ति हैं, जिन्होंने मानवता की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। गुरु तेगबहादुर का जीवन साहस, मानवता, धार्मिक समानता और न्याय का प्रतीक है। उन्होंने धर्म की रक्षा और मानवाधिकारों के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनकी शहादत आज भी हमें प्रेरित करती है और हमें एक न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण और समतामूलक समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करती है। इतिहास बताता है कि उस समय कश्मीरी पंडित गुरु तेगबहादुर के पास शिकायत लेकर गए थे और श्री गुरु तेगबहादुर ने धर्म की रक्षा के लिए अपनी जान दे दी। धर्म को बहुत कम लोग जानते हैं। उन्होंने कहा कि दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ऐसे महापुरुषों की शहादत को नमन करता है। कार्यक्रम के दौरान साध्वी विष्णु अर्चना भारती और साध्वी नेहा भारती ने गुरबानी शबद कीर्तन का गायन किया।

### वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत फतेहाबाद में कांग्रेस 6 को करेगी प्रदर्शन

**फतेहाबाद।** कांग्रेस द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत 6 दिसम्बर को फतेहाबाद में जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा ने बताया कि 6 दिसम्बर को सुबह 10 बजे लघु सचिवालय में सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होंगे तथा 'वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान' के तहत भाजपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। इसी दौरान राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

**जगजीत सिंह नड़ैल बने चेयरमैन**

# जाखल मार्केट कमेटी का चेयरमैन बदला बराला समर्थक की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

जिले की जाखल मार्केट कमेटी के चेयरमैन को प्रदेश सरकार ने बदल दिया है। अब यहां राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के समर्थक माने जाने वाले जगजीत सिंह नड़ैल को नया चेयरमैन बनाया गया है। सरकार द्वारा नोटिफिकेशन जारी करने के साथ ही नए चेयरमैन ने कार्यभार भी संभाल लिया है। बता दें कि सितंबर महीने में जारी हुई मार्केट कमेटी चेयरमैन और वाइस चेयरमैन की लिस्ट में जाखल से बिंदर सिंह अवतार का नाम था। बिंदर सिंह का नाम बीजेपी संगठन की ओर से दिया गया था, मगर बराला अपने खास समर्थक को चेयरमैन बनाना चाहते थे। इसी कारण दो महीने से कार्यभार ग्रहण समारोह लटका हुआ था। इस समय सिरसा और फतेहाबाद दोनों जिलों में सबसे बड़े संवैधानिक पद पर सिर्फ सुभाष बराला ही हैं। इन दोनों जिलों में बीजेपी का एक भी विधायक नहीं है। ऐसे में संगठन से लेकर प्रशासन तक में सुभाष बराला अपनी पूरी पैठ बनाए हुए हैं। बराला को सीएम नायब सैनी का भी करीबी माना जाता है। मार्केट कमेटी चेयरमैन और वाइस चेयरमैनों की लिस्ट आने के बाद फतेहाबाद जिले में तीसरी बार बदलाव हुआ है। इससे पहले रतिया में भी मार्केट कमेटी चेयरमैन बनाए गए धर्मपाल शर्मा की जगह राजकुमार मेहता की नियुक्ति की गई। उनसे पहले भी भट्टू मार्केट कमेटी का वाइस चेयरमैन बदला गया था। भट्टू में वाइस चेयरमैन बनाए गए योगराज शर्मा ने पद ग्रहण करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद संजय सिंगला को वाइस चेयरमैन बनवाया गया। हालांकि, संजय सिंगला की नियुक्ति से पूर्व विधायक दुड़ाराम भी नाराज हो गए थे।



बिंदर सिंह व जगजीत सिंह।

**संभाला कार्यभार**

बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा के मुताबिक, टोहाना मार्केट कमेटी के चेयरमैन जंगजीत सिंह हुड्डा का नोटिफिकेशन भी हो चुका है। उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया है। बता दें कि, जंगजीत हुड्डा पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली के समर्थक माने जाते हैं। बिना समारोह ही उन्होंने अब दो महीने बाद कार्यभार संभाल लिया है।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 30 को

**सिरसा।** श्री रामहंस चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित आंखों के अस्पताल द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को शुरू किए गए आंखों के निःशुल्क कैंप व आप्रेशन शिविर के तहत आगामी 30 नवंबर को शिविर लगाया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष अमीर चावला ने बताया कि कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया जाएगा। इस दौरान आंखों के निःशुल्क आप्रेशन किए जाएंगे। जरूरतमंद मरीजों को दवाएं भी निःशुल्क दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से जारी किए गए आयुष्मान कार्ड से पूर्व में सभी प्रकार के आंखों के आप्रेशन किए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि कैंप में आने वाले मरीज से किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है।

**प्रशासन की ओर से 25 से 10 दिसंबर तक मनाया जा रहा पखवाड़ा**

# गांव खैरेकां व झोंपड़ा में ग्रामीणों को दिलवाई बाल विवाह रोकने की शपथ

■ बाल विवाह को रोकने के लिए तुरंत कार्रवाई की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

बाल विवाह रोकने के लिए सरकार व प्रशासन की ओर से बीती 25 से 10 दिसंबर तक पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी के तहत गांव खैरेकां व झोंपड़ा में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर सुरपवाइजर सुष्मिता ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 को प्रभावी ढंग से लागू करने और बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में इस कानून को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए सरकार ने बाल विवाह प्रतिषेध (हरियाणा संशोधन) विधेयक 2020 लागू किया है। उन्होंने कहा कि जहां भी बाल विवाह की सूचना मिलती है तो उस पर स्वतः संज्ञान लेकर बाल विवाह को रोकने के लिए तुरंत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस और बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्रवाई की जा रही है।



**सिरसा।** कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

**किया जागरूक**

उन्होंने मंदिरों में पुजारियों व गुरुद्वारों में पाठी से आह्वान किया कि वे बाल विवाह को लेकर सतर्क रहें। कोई भी इस प्रकार का केस आता है तो तुरंत विभाग को सूचित करें। इस मौके पर ग्रामीणों को बाल विवाह रोकने की शपथ भी दिलवाई गई। इस मौके पर आंगनवाड़ी वर्कर्स माया, राजबाला, ममता उपस्थित रही। वहीं गांव झोंपड़ा में सिमरजीत व बाधो देवी ने ग्रामीणों को बाल विवाह के प्रति जागरूक किया।

## मांगों को लेकर छठे दिन भी धरना रहा जारी



**सिरसा।** गौशाला में धरने पर समर्थन देने पहुंचे जगदीश चोपड़ा।

**सिरसा।** श्री गौशाला परिसर में प्राचीन शिव मंदिर में लगे शिवलिंग को हटाए जाने के विरोध में श्रद्धालुओं द्वारा दिया जा रहा धरना छठे दिन भी जारी रहा। शिव मंदिर बनाने वाले परिवार के सदस्यों ने भगवान शिव के अन्य श्रद्धालुओं के साथ शिवपुरी प्रांगण में धरना दिया। धरने के दिन बढने के साथ ही श्रद्धालुओं में गुस्सा भी पनप रहा है। शुक्रवार को धरने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व चेयरमैन जगदीश चोपड़ा भी पहुंचे। मंदिर बनाने वाले परिवार के सदस्य भवानी शंकर ने कहा कि कुछ लोग निजी स्वार्थों और नाम चमकाने के लिए भगवान के नाम पर भी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एक बार हो जाए तो उसे यूं ही आधे घंटे में नहीं उखाड़ सकते। शास्त्रों में हर चीज का विधि-विधान तय है।

*पुलिस की कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप चला तलाशी अभियान*

# नशे की रोकथाम को टोहाना पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान, डॉग स्क्वॉड और स्वैट टीम रही साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना पुलिस द्वारा नशे के कारोबार के खिलाफ शुक्रवार को सघन कार्रवाई अंजाम दी गई। डीएसपी टोहाना उमेद सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार सुबह टोहाना शहर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में डॉग स्क्वाड, स्वैट टीम और कमांडो यूनिट की सहायता से व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। सुबह से ही पुलिस बल की मजबूत उपस्थिति और योजनाबद्ध रणनीति ने पूरे क्षेत्र में हडक़ंप मचा दिया। मुख्य चौक, बस स्टैंड, बाईपास, बाजार एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर संदिग्ध वाहनों, राहगीरों और ठिकानों की कड़ी जांच एवं सघन चेकिंग की गई। डॉग स्क्वाड के जैक और रैम्बो की तेज सूंघ और कमांडो बल की तत्परता ने नशा तस्करों को बेहद चौकन्ना कर दिया। कई स्थानों पर हुई सख्त चेकिंग से अपराधियों में भय का माहौल बना, जबकि आम जनता में सुरक्षा का भरोसा और जागरूकता का संदेश पहुंचा। डीएसपी टोहाना उमेद सिंह ने कहा कि यह अभियान आने वाले दिनों में और अधिक तेज़ी से जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि, नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



**टोहाना।** तलाशी अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**हेरोइन के साथ एक काबू**

**फतेहाबाद।** ऑपरेशन ट्रेकडाउन के तहत सीआईए रतिया पुलिस ने एक आदतन अपराधी को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पहले से ही लूट, डकैती और हत्या के प्रयास सहित चार गंभीर अपराधिक मामले दर्ज हैं। डीएसपी मुख्यालय एवं क्राइम कुलवंत सिंह ने बताया कि सीआईए रतिया टीम के सहायक उपनिरीक्षक प्रेम कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम अपराध रोकथाम हेतु गश्त पर थी। तभी सूचना मिली कि रवि, पुत्र जोरा सिंह, निवासी बाल्मिकी मोहल्ला, भूना, नशा तस्करी में सक्रिय है।

# मांगों को लेकर किसान दो दिसम्बर को देंगे लघु सचिवालय पर धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भारतीय किसान एकता के प्रधान लखविंद्र सिंह ने बताया कि आगामी 2 दिसंबर को किसान अपनी मांगों को लेकर लघु सचिवालय में धरना- प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शन में भाग लें। उन्होंने बताया कि खरीफ -2020 के मुआवजे से तहसील डबवाली, कालांवाली, गोरीवाला व सिरसा के किसान वंचित हैं। राजस्व विभाग की लापरवाही व नाकामी के चलते कई किसानों को मुआवजा राशि नहीं दी गई थी वह बचा हुआ फंड बीती 31 मार्च 2025 को सरकार के पास वापस चला गया, जो अभी तक दोबारा जारी नहीं किया गया है। उन्होंने किसानों की मांगों का ब्यौरा देते हुए बताया कि किसानों की मांग है कि पिछले दिनों भारी बरसात, जलभराव, हिसार घग्घर ड्रेन से हुई तबाही के का मुआवजा व बीमा क्लेम जारी किया जाए, मंडियों में किसानों के साथ हो रही लूट को बंद किया जाए, कालांवाली की फग्गू अनाज मंडी में किसानों के साथ धान खरीद में हुई धोखाधड़ी की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए।

**25 गांव शामिल**

उन्होंने कहा कि किसानों की मांग है कि बकाया मुआवजा राशि तुरंत प्रभाव से जारी की जाए। जिले के 25 गांव जिसमें अलीमोहम्मद, चकफरीदपुर, चकजालू, दीवानखेड़ा, गोरीवाला, हैबूआना, जगमालवाली, खूईया मलकाना, लंबी, मुन्नावाली, पन्नीवाला मोरीका, पन्नीवाला रूलदू, रामपुरा बिश्नोईयां, टप्पी, फतेहपुरिया नियामतखां, खारियां, ख्योंवाली, मलिकपुरा, मोड़ी, शेखूपुरिया आदि गांवों के किसान रहेंगे शामिल।

## रामजी जैमल हॉर्टिकल्चर सलाहकार नियुक्त



**सिरसा।** रामजी जैमल का स्वागत करते कुलपति।

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने रामजी जैमल, जिन्हें पूरे देश में फ्लावर मैन ऑफ इंडिया के नाम से जाना जाता है, को विश्वविद्यालय के हॉर्टिकल्चर का मानद सलाहकार नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि रामजी जैमल, ग्राम दड़बी के निवासी हैं और सार्वजनिक जीवन में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा चुके हैं। वे पूर्व ज़िला पार्षद, अध्यक्ष वन समिति तथा अध्यक्ष स्वास्थ्य समिति के रूप में अपनी उत्कृष्ट सेवाएँ दे चुके हैं। पर्यावरण संरक्षण, उद्यान विज्ञान तथा हरियाली को बढ़ावा देने में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। उनकी नियुक्ति मानद आधार पर की गई है।

**आयोजन** | **प्रस्तावना का वाचन कर संविधान के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की**

*कार्यक्रम में सामूहिक प्रस्तावना वाचन सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ*

# राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में संविधान दिवस पर कार्यक्रम

■ संविधान दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में शुक्रवार को संविधान दिवस बड़े ही उत्साह व गरिमा के साथ मनाया गया। राजनीतिक विज्ञान विभाग तथा एनएसएस यूनिट एक व दो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सामूहिक प्रस्तावना वाचन सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यकारी प्राचार्या डॉ. लखबीर कौर ने कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक के अधिकारों व कर्तव्यों का आधार है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि संवैधानिक सिद्धांतों को जीवन में उतारकर ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उनके उद्बोधन के बाद समस्त स्टाफ सदस्यों एवं छात्राओं ने सामूहिक रूप से प्रस्तावना का वाचन कर संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. योति एवं डॉ. शकुंतला सिहाग द्वारा प्रस्तावना पाठ से हुई। उन्होंने छात्राओं को भारतीय संविधान के प्रति सम्मान, जागरूकता एवं कर्तव्यों के प्रति निष्ठा का संदेश देते हुए संविधान की मूल भावना से परिचित कराया। इसके साथ ही संविधान दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें एनएसएस वॉलिंटियर्स सहित अनेक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित की। इस अवसर पर प्रोफेसर पवन कुमार, डॉ. रीटा, सोनिया गुप्ता, मंजू, प्रोमिला उपस्थित रहीं।



**फतेहाबाद।** राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### साइबर ठगों से सावधान, फर्जी कस्टमर केयर नंबर बन रहे ठगी का नया हथकंडा : एसपी

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में फतेहाबाद पुलिस ने लगातार बढ़ रहे ऑनलाइन साइबर फ्रॉड के मामलों का विश्लेषण कर नागरिकों को जागरूक करने हेतु विशेष एडवाइजरी तैयार की है। एसपी ने कहा कि हाल के दिनों में ऑनलाइन कस्टमर केयर नंबर सर्च करने के दौरान नागरिक बड़ी संख्या में साइबर ठगों के जाल में फंस रहे हैं। कई शिकायतों में सामने आया है कि बैंक, ई-कॉमर्स कंपनियों, एयरलाइंस, मोबाइल नेटवर्क सेवा प्रदाताओं और अन्य संस्थाओं के कस्टमर केयर नंबर खोजते समय लोग फर्जी वेबसाइटों और नकली हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल कर बैठते हैं। साइबर अपराधी सर्च इंजनों पर गलत नंबर व नकली वेबसाइटें अपलोड कर देते हैं। इन नंबरों पर कॉल करने पर ठग खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताकर नागरिकों से खाता संख्या, कार्ड विवरण, ओटीपी, सीवीवी, पासवर्ड और एटीएम पिन जैसी अत्यंत संवेदनशील जानकारी ले लेते हैं। कई मामलों में ठग 'समस्या हल करने' के नाम पर ऐनीडेस्ट, टीम व्यूअर जैसे रिमोट एक्सेस ऐप डाउनलोड करवाकर पीड़ित के मोबाइल या कंप्यूटर पर नियंत्रण हासिल कर लेते हैं और बैंक खातों से बड़ी धनराशि निकाल लेते हैं।



एसपी सिद्धांत जैन

*दूल्हा और दुल्हन अपनी शादी की पोशाक के अनुसार जयमालाओं में लगवा रहे फूल*

# शादियों का सीजन: फूलों की कीमत-डिमांड दोगुनी बढ़ी, दुकानदार दूसरे राज्यों से मंगवा रहे फूल, ऑर्डर हफ्ते भर पहले कर रहे बुक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

शादियों के सीजन में फूलों की डिमांड इस बार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। जयमाला, स्टेज डेकोरेशन, गाड़ियों की सजावट और कपल एंट्री-हर सेगमेंट के ऑर्डर हफ्ते भर पहले ही बुक हो चुके हैं। इस बार दूल्हा और दुल्हन अपनी शादी की पोशाक के अनुसार जयमालाओं में भी उसी रंग के फूल लगवा रहे हैं। थीम आधारित जयमालाओं की डिमांड बढ़ी है। पिंक-व्हाइट कॉम्बिनेशन, गोल्डन-टच रजनीगंधा, कॉन्ट्रास्ट कलर जयमाला, हेरिटेज मारवाड़ी स्टाइल-इन थीमों की इस बार खास डिमांड है। वहीं शादियों की सीजन को लेकर गेंदा का फूल प्रतिदिन 20 क्विंटल बिक रहा है। वहीं आम दिनों में 10 क्विंटल ही बिकता था। संन्यास आश्रम रोड स्थित फूल भंडार के मालिक शीलू ने बताया कि इस बार प्रीमियम क्वालिटी की जयमाला की मांग पिछले साल की तुलना में दोगुनी है। 500 से 10 हजार रुपए तक की सभी जयमालाएं उपलब्ध हैं। इस साल प्रीमियम जयमालाएं 5 हजार से शुरू है जो 10 हजार रुपए तक की है। प्रीमियम जयमाला में टाटा गुलाब, जिप्सम और आरकेट का फूल उपयोग किया जाता है।

**शादियों के सीजन में डिमांड वाली मालाएं दिखाते फूल विक्रेता**



## 200 वाला बुके 500 रुपये में बिक रहे

आम दिनों में 200 रुपए का मिलने वाला बुके अब 500 रुपए तक का बिक रहा है। स्थानीय स्तर पर गेंदा कम उपलब्ध है, इसलिए बाहर से मंगवाया जा रहा है। फूल विक्रेता सुभाष ने बताया कि संन्यास आश्रम रोड स्थित फूल बाजार में प्रतिदिन करीब 30 से 40 गाड़ियों की विभिन्न प्रकार की फूलों से सजावट की जा रही है। गाड़ी सजाने के लिए 2 हजार से लेकर 30 हजार रुपए तक ले रहे हैं। प्रतिदिन 50 प्रीमियम जयमालाएं बिक रही हैं। इनमें टाटा गुलाब, जिप्सम, आरकेट का फूल अधिक उपयोग होता है।

## दिल्ली से गुलाब के फूल मंगवा रहे

डेकोरेशन में क्वालिटी बढ़ाने और रंगत को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए व्यापारी इस बार खास तैयारियां कर रहे हैं। फूल विक्रता सुभाष ने बताया कि कोलकाता से प्रीमियम रजनीगंधा, दिल्ली से गुलाब और गुलदाउदी मंगवाया जा रहा है। इन फूलों की खासियत है कि ये लंबे समय तक फ्रेश बने रहते हैं और कैमरे की तेज रोशनी में भी इनका रंग फीका नहीं पड़ता। इस बार बुकिंग का ट्रेंड पिछले सालों से बिल्कुल अलग नजर आ रहा है। न सिर्फ शादी वाले दिन बल्कि हल्दी, मेहंदी और सगाई जैसे फंक्शनों के लिए भी फ्लावर थीम की एंट्री और बैकड्रॉप की एडवांस बुकिंग हो रही है। फूल विक्रेता राजू के अनुसार नवंबर-दिसंबर का यह सीजन फूल मार्केट को रिकॉर्ड तोड़ कारोबार दे सकता है।

| फूलों का नाम | फूलों की डिमांड |
| --- | --- |
| कटफ्लावर | 8 हजार पीस |
| व्हाइट रोज | 2500 पीस |
| पिंक रोज | 2500 पीस |
| जिप्सम | 200 बंडल |
| मोगरा | 8 हजार जोड़ा |

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक 30 को

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक प्रधान ईश्वर देवी सेठी की अध्यक्षता में 30 नवंबर रविवार को सांय 3.30 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं बारे विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याएं लिखित में लेकर आए ताकि संबंधित विभागों से हल करवाया जा सके। बैठक में जिन वरिष्ठ नागरिकों का नवंबर मास में जन्मदिन है उनका जन्मदिन भी मनाया जाएगा।

### बलराम कुश्ती के लिए ट्रायल 30 को

**फतेहाबाद।** खेल विभाग, हरियाणा द्वारा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 के अवसर पर दो दिसंबर को थीम पार्क, कुरुक्षेत्र में बलराम कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है। जिला फतेहाबाद से इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पहलवानों का ट्रायल 30 नवंबर को सुबह 9 बजे भोडियाखेड़ा स्टेडियम, फतेहाबाद में करवाया जाएगा। जिला खेल अधिकारी विष्णु दास ने बताया कि कुश्ती दंगल प्रतियोगिता 74 और 62 किलो भार वर्ग के लिए कुल चार खिलाड़ी दो पुरुष और दो महिला का चयन किया जाएगा। विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। थीम पार्क, कुरूक्षेत्र में बलराम कुश्ती में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेंगे। प्रत्येक जिला से 4 खिलाडियों दो पुरूष व दो महिला द्वारा भाग लिया जाएगा।

### नशा तस्करी में वांछित चार आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** ऑपरेशन ट्रैकडाउन अभियान के तहत सिरसा पुलिस ने नशा तस्करी में संलिप्त चार वांछित आरोपियों को पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत काबू कर लिया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने बताया कि 15 क्विंटल चूरापोस्त बरामदगी मामले में वांछित आरोपी प्रेवेज कुरैशी पुत्र फारुक कुरैशी निवासी सीतामुया मंदसौर को सीआईए सिरसा की पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। बीते एक नंबवर को जिला की एवीबीटी स्टाफ की पुलिस टीम ने डिंग क्षेत्र में महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव जोधकां क्षेत्र में कार में सवार गेजा सिंह से 21 किलो गांजा बरामद कर डिंग थाना में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी ।

## डीसी ने की समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा

# समाधान शिविर में आने वाली शिकायत जल्द ही निपटाएं

**बोले-शिकायत के समाधान के उपरांत एटीआर अवश्य अपलोड करें सभी अधिकारी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

समाधान शिविर की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में शुक्रवार को सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं सेवा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव जी अनुपमा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात डीसी डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को लंबित न रखते हुए तत्परता से समाधान करवाकर समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर रिपोर्ट अपडेट करना सुनिश्चित करें। डीसी ने लघु सचिवालय सभागार में विभागाध्यक्षों के साथ समाधान शिविर, जनसंवाद, सीएम विंडो, सीपीग्राम व सीएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की।

डीसी ने समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित शिकायतों का जल्द समाधान करना सुनिश्चित करें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। साथ ही डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से अनेक पोर्टल जनसेवा को समर्पित किए गए हैं। इसके तहत आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायत पोर्टलों की प्रतिदिन निगरानी रखते हुए प्राप्त शिकायतों का शीघ्र समाधान करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही शिकायत के समाधान उपरांत एटीआर अवश्य अपलोड करें।



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती। *फोटो : हरिभूमि*

**डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में सरकार की ओर से जिला और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे**

### बैठक में ये रहे मौजूद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की ओर से जिला और उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों के समाधान का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। समाधान शिविर के साथ ही जनसेवा के लिए सरकार के ऑनलाइन पोर्टल का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है और लोगों को उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान मुहैया करवाना है। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए नियमित निगरानी और त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री आमजन से जुड़ी योजनाओं व सेवारत पोर्टल की स्वयं मॉनिटरिंग करते हैं, ऐसे में सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग से संबंधित शिकायतों को उक्त पोर्टल पर समाधान सुनिश्चित करने में सक्रियता बरतें। इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, जिप सीईओ सुरेश कुमार, डीएसपी कुलवंत सिंह, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ अनूप सिंह, नप ईओ राजेंद्र सोनी, डीडब्ल्यूओ विनोद चावला, डिप्टी सीएमओ डॉ. शरद तुली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## आस्था का केंद्र

# पूर्णाहूति व कन्यादान के साथ आज होगा हवन का समापन



**फतेहाबाद।** शतचंडी हवन में भाग लेते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

**यज्ञशाला में आचार्य भीष्म भारद्वाज व पंडित भोला दत्त शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना और आहुतियां दी गई तथा जन-कल्याण व विश्व शांति की कामना की गई**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

सर्व श्री चंडी माता मंदिर अशोक नगर में चल रहे श्री शतचण्डी हवनात्मक महायज्ञ और रूद्र याग में मानावाली अखाड़ा से स्वामी राजेश गिरी, शिव मंदिर नारायण गुफा बनगांव से राजेश गिरी, महंत स्वामी राहुल गिरी पहुंचे, फगवाड़ा से आदित्य रुद्रादि, पिंडी रानी दरबार लुधियाना से गुरप्रीत जी, जहां मंदिर गद्दीनशीन माता सत्यम देवा ने उनका विधिवत स्वागत किया। कार्यक्रम सर्व श्री चंडी माता सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित किया जा रहा है।

आयोजन में मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन इंद्र गावड़ी, नगर परिषद उपप्रधान सविता टुटेजा, बिंटू टुटेजा, भाजपा नेता महेश व हुडा चौकी इंचार्ज संदीप कुमार विशेष तौर पर मौजूद रहे। यज्ञशाला में आचार्य भीष्म भारद्वाज व पंडित भोला दत्त शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना और आहुतियां दी गर्इ तथा जन-कल्याण व विश्व शांति की कामना की गई। 9 दिवसीय इस कार्यक्रम का समापन शनिवार 29 नवंबर को पूर्णाहूति व कन्यादान के साथ किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान संजय आहूजा, प्रमुख सेवादार संजय शर्मा ने बताया कि समारोह का समापन शनिवार 29 नवंबर को होगा, जिसमें सुबह 11:15 बजे पूर्णाहुति एवं कन्यादान संस्कार और दोपहर 12:15 बजे अटूट लंगर का आयोजन रहेगा। इसके बाद 30 नवंबर को मूर्ति विसर्जन के साथ कार्यक्रम का अंतिम चरण पूरा किया जाएगा।

# ऑपरेशन जीवन ज्योति, फतेहाबाद और रतिया के 12 ड्रग पीड़ितों की काउंसलिंग

- गलियों व चौराहों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने रतिया के वार्ड नंबर 4, 5 और 12 की गलियों व चौराहों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने इस दौरान स्थानीय क्षेत्र में मिले 3 ड्रग पीड़ितों की काउंसलिंग कर उन्हें आयुर्वेदिक औषधियां उपलब्ध कराई। इसी क्रम में ढाणी दादूपुर, दीवाना और ढाणी रायपुर में मिले 1-1 ड्रग पीड़ितों की पहचान कर उन्हें भी उपचार प्रदान किया गया। अतिरिक्त रूप से स्वामी नगर, फतेहाबाद से मिले 1 पीड़ित को मिलाकर कुल 7 लोगों को उपचार उपलब्ध कराया गया। वार्ड नंबर 12 स्थित पीर दरगाह क्षेत्र में कल लगाए जाने वाले नशा मुक्ति शिविर के लिए टीम द्वारा डोर-टू-डोर सूचना अभियान चलाकर सभी तैयारियां पूरी की गई। टीम ने ड्रग पीड़ितों को जागरूक करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि नशे का इंजेक्शन जीवन के लिए सीधा खतरा है।



**फतेहाबाद।** लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करते नशामुक्ति टीम सदस्य।

## पोर्टल से ली जा सकती है सरकारी योजनाओं व नीतियों की जानकारी

**फतेहाबाद।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बनाए गए डिजिटल पोर्टलों से जुडकर सरकारी योजनाओं व नीतियों की जानकारी प्राप्त करें और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। अब सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए पारंपरिक माध्यमों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। सरकार ने ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किए हैं जो न केवल योजनाओं की जानकारी देते हैं बल्कि नागरिकों को नीति निर्माण और संवाद का अवसर प्रदान करते हैं। सबसे प्रमुख है माईजीओवी, जो नागरिकों को सरकार के साथ जोडकर गुड गवर्नेंस में भागीदारी सुनिश्चित करता है।

# राजकीय प्राथमिक पाठशाला में बच्चों को गर्म कोट किए गए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भट्टूकलां

राजकीय प्राथमिक पाठशाला में आज सामाजिक सेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला, जब सुबह-सुबह विद्यालय की प्रार्थना सभा के दौरान 25 जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म कोट वितरित किए गए। यह सेवा कार्य ब्लॉक समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण कुमार, समाजसेवी संजय उर्फ जंगली, तथा बंसीलाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रार्थना सभा में बच्चों और स्टाफ की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड के मौसम में बच्चों को सुरक्षित रखना और उनकी नियमित शिक्षा बिना रुकावट जारी रहे, यह सुनिश्चित करना था। प्रवीण कुमार ने कहा, बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। समाजसेवी संजय उर्फ जंगली ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों की जरूरतों को पूरा करना सबसे बड़ा मानवीय कर्तव्य है। आज की इस पहल में विशेष रूप से शांति देवी, दर्शन कुमार, पवन कुमार, रघुबीर सिंह और सीमा उपस्थित रहे।



**भट्टूकलां।** बच्चों को गर्म कोट वितरित करते समाजसेवी।

## डबवाली के रेलवे स्टेशन पर आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का आयोजन

# आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में दें योगदान: रणबीर सिंह गंगवा

*डबवाली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से मिले*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डबवाली

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने शुक्रवार को डबवाली रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर यात्रियों से मुलाकात की और 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' के तहत आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाने हेतु स्वदेशी अपनाने संबंधी पंपलेट भी वितरित किए। रेलगाड़ियों के आगमन के दौरान उन्होंने यात्रियों को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए प्रेरित किया और भारतीय उद्यमियों एवं कारीगरों का समर्थन करके एक मजबूत व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्टेशन पर मौजूद आमजन को भी स्वदेशी अपनाने के महत्व से अवगत कराया गया। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया है कि यदि हम अपने घरों में स्वदेशी और स्थानीय रूप से निर्मित उत्पादों का उपयोग करेंगे, तो देश आत्मनिर्भर बनेगा। इतिहास गवाह है कि चाहे स्वतंत्रता संग्राम हो या कोई और बड़ा अभियान, देशवासियों ने हमेशा एकजुट होकर राष्ट्रहित के कार्यों को पूरा किया है।



**डबवाली।** रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे रणबीर गंगवा। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से देश निरंतर प्रगति कर रहा है। कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के समय भारत के पास न पीपीई किट थी, न दस्ताने, न वेंटिलेटर-लेकिन 'आपदा में अवसर' के मंत्र को अपनाते हुए भारत ने न केवल अपनी आवश्यकताएँ स्वयं पूरी कीं, बल्कि दुनिया के अन्य देशों को भी चिकित्सा सामग्री और वैक्सीन भेजकर मदद की। यह आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम था। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डबवाली रेनू शर्मा, मार्केट कमेटी चेयरमैन सतीश जग्गा, वाइस चेयरमैन अमीलाल पारीक, बलदेव सिंह मांगेआना, पूर्व सांसद चरणजीत रोड़ी, कृष्ण जंडवाला, विजयन्त शर्मा, जसवंत जाखड़, महेंद्र बंसल, नवदीप नेहरू, विकास शर्मा, दौलत राम, अर्चना, विजय वधवा और हरजिंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



**सिरसा।** जरूरतमंदों विद्यार्थियों को जर्सियां भेंट करते।

## जरूरतमंद बच्चों को बांटी जर्सियां

**सिरसा।** श्री राधे निष्काम सेवा मंच के तत्वावधान में आरकेपी नेहरू पार्क वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जरूरतमंद व मेधावी बच्चों को जर्सी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल के निर्देशक अजय अग्रवाल ने बताया कि स्व. राधेश्याम मित्तल और कौशल्या देवी का उनके विद्यालय के बच्चों से विशेष प्रेम था और वो अपने जीवनकाल में विद्यार्थियों की समय समय पर सहायता करते रहते थे। स्कूल के निर्देशकों ने माल्यार्पण कर सभी का स्वागत किया। सुमन मित्तल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका परिवार अपने माता पिता के दिए संस्कारों पर चलते हुए जरूरतमंदों की सहायता करता रहता है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वह अपना सारा ध्यान अध्ययन पर दें। उनकी अन्य जरूरतों को उनके सेवा मंच द्वारा पूरा किया जाएगा। सभी ने दिवंगत आत्माओं को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी आत्मिक शांति हेतु परमात्मा से प्रार्थना की. बच्चों ने सभी के स्वागत में स्वागत है गीत गा कर अपनी भावनाएं व्यक्त की।